भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

प्रैस विज्ञप्ति

04.04.2025 – अखिल भारतीय

एलआईसी ने यूएसटीआर की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया दी: स्वतंत्र, प्रतिस्पर्धी और ग्राहक-केंद्रित कार्यप्रणाली की पुष्टि

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय (यूएसटीआर) द्वारा हाल ही में की गई उस टिप्पणी का संज्ञान लिया है जिसमें भारत सरकार द्वारा एलआईसी को विशेष दर्जा दिये जाने का उल्लेख किया गया है।

एलआईसी यह स्पष्ट करना चाहती है कि सरकार और विनियामक द्वारा एलआईसी को किसी भी अन्य बीमा कंपनी के समान समझा जाता है। 1956 में एलआईसी की स्थापना के समय दी गई गारंटी, एक क़ानूनी प्रावधान है , जिसका उद्देश्य राष्ट्रीयकरण के शुरुआती वर्षों में आम जनता का विश्वास प्राप्त करना था । इस गारंटी का आज तक एलआईसी ने कभी भी उपयोग नहीं किया है और ना ही इसे विपणन (मार्केटिंग) टूल के रूप में प्रयोग कर कोई अनुचित लाभ उठाया गया है ।

पिछले 25 वर्षों से एलआईसी भारत में पूर्ण प्रतिस्पर्धी जीवन बीमा बाजार में कार्य कर रहा है, जहां वह 24 निजी बीमा कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहा है। एलआईसी को भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) द्वारा नियंत्रित किया जाता है, और इसे सरकार या किसी भी नियामक से कोई विशेष रियायत या छूट प्राप्त नहीं होती है।

एलआईसी का बीमा क्षेत्र में नेतृत्व उसके करोड़ों पॉलिसीधारकों के विश्वास, गुणवत्तापूर्ण सेवा, और आर्थिक मजबूती एवं पारदर्शिता का परिणाम है। 69 वर्षों से अधिक की विरासत के साथ अपनी सेवा यात्रा में एलआईसी ने समर्पण और व्यावसायिकता के साथ पूरे भारत के कोने-कोने में 30 करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान की है।

एलआईसी का यह दृढ़ विश्वास है कि यूएसटीआर की टिप्पणी भारतीय बीमा विनियमन और एलआईसी की कार्यप्रणाली की अधूरी और त्रुटिपूर्ण समझ पर आधारित है। हम भारत में वित्तीय समावेशन और पॉलिसीधारकों की सुरक्षा में एलआईसी की भूमिका और योगदान के बारे में अधिक संतुलित और तथ्यात्मक मूल्यांकन का आग्रह करते हैं।
"भारतीय जीवन बीमा निगम प्रशासन, सेवा और ग्राहक विश्वास के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी उसी भावना से कार्य करता रहेगा।" : एलआईसी के सीईओ एवं एमडी श्री सिद्धार्थ महान्ति के द्वारा कहा गया ।

04 अप्रैल, 2025 को मुम्बई में दिनांकित

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:
कार्यकारी निदेशक (सीसी), भारतीय जीवन बीमा निगम, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई। ईमेल आईडी: ed_cc@licindia.com
कृपया हमारी वेबसाइट www.licindia.in पर जाएं